आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.06.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

सुखाश्रय योजना

मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत 14 बच्चों को प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला मिल गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि इनमें शिशु सुधार गृह के तीन निराश्रित बच्चियों को शिमला के कॉन्वेंट ताराहॉल स्कूल में दाखिला मिल गया है, जिनके लिए परिवहन सुविधा भी शीघ्र ही उपलब्ध करवा दी जाएगी। इसके अलावा शिशु सुधार गृह के पांच बच्चों को शिमला के दयानंद पब्लिक स्कूल, 4 निराश्रितों को सोलन के पाईनग्रोव स्कूल और दो बच्चों को मंडी जिला के डी.ए.वी. स्कूल सुंदरनगर में दखिला दिलाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इनकी पढ़ाई का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को प्रदेश के अन्य प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में ऐसे ही और निराश्रित बच्चों को दाखिला दिलाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक–कांग्रेस

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता मेें विधानसभा में आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक संपन्न हुई जिसमें 3 प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें पहला प्रस्ताव सरकार से बगावत करने वाले कांग्रेस के पूर्व विधायकों के खिलाफ कानूनी कारवाई करने की सहमति और दूसरा प्रस्ताव उप–चुनाव में 4 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए पारित किया गया, जबकि तीसरा प्रस्ताव मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व मे भरोसा जताने के लिए परित किया गया।

भाजपा बैठक

भाजपा कोर ग्रुप की एक बैठक पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल में हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश सह–प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती व सुरेश कश्यप, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, पूर्व मंत्री राजीव सैजल और विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जमवाल व राकेश जमवाल और महामंत्री सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा और त्रिलोक कपूर मौजूद रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि बैठक में दो–तीन अति महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इन लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 61 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त दर्ज की है और वर्तमान राज्य सरकार के 12 मंत्रियों में से 10 मंत्री व मुख्यमंत्री अपने–अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव हारे हैं। बिंदल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय पर सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जीत के लिए बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि बैठक में 3 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। बिंदल ने कहा कि उपचुनाव में टिकट आबंटन पर फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

शपथ

प्रदेश में उप–चुनाव के माध्यम से 14वीं विधान सभा के लिए नव निर्वाचित सदस्यों को आज विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शिमला स्थित विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में धर्मशाला से सुधीर शर्मा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, लाहौल स्पिति से अनुराधा राणा, सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा और गगरेट से राकेश कालिया शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि विधानसभा की कार्यवाही में ये सभी विधायक अपना बहुमूल्य सहयोग देंगे।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत सफल हुई और जनता के आशीर्वाद से हिमाचल की सभी चारों लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डाली गई है। आज शिमला के चक्कर स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल पहुंचने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने अनुराग ठाकुर का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा को केंद्र सरकार ने बड़े मंत्रालयों की ज़िम्मेदारी दी है, ये हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है। अनुराग ठाकुर ने नड्डा को बड़ी ज़िम्मेदारी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए जगत प्रकाश नड्डा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने हिमाचल के लिए कभी भी कोई कमी नहीं रखी है और आने वाले 5 वर्षों में भी केंद्र सरकार हिमाचल के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर चुनाव के दौरान सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि आने वाले 3 उपचुनावों में भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी।

प्यारी बहना योजना

इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिला मंडी में 16 मार्च तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जिले में इस योजना के अंतर्गत आदर्श चुनाव आचार संहिता से पूर्व 6 हजार 19 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके लिए मंडी के जिला कल्याण विभाग को 2 करोड़ 70 लाख 85 हजार 5 सौ 83 रूपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी तक 3 हजार एक सौ 87 मामलों को जांच के बाद स्वीकृत किया जा चुका है जबकि शेष 2 हजार 8 सौ 32 की जांच दो दिन के भीतर पूरी कर ली जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि लाभार्थियों को भुगतान की प्रक्रिया आरम्भ की जा चुकी है और आगामी दिनों में उनके खातों में साढे 4 हजार रूपए जमा हो जाएंगे।